तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ

तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे,
मुझे नहीं चाहिए अब कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे,

गैरो की बात करे क्या,
हमें अपनो ने ठुकराया,
बन गया नाथ तू मेरा,
तूने पल पल साथ निभाया,
तेरा साथ ही मेरा सब कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे.....

मैया बनकर के तूने,
मुझे गोद मे ले दुलराया,
बन गया पिता तू मेरा,
तूने चलना मुझे सिखाया,
तेरा प्यार ही मेरा सब कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे.....

मै किसी से कुछ क्या मांगू,
बिन मांगे ही सब पाऊँ,
जब द्वार मिला बाबा तेरा,
मै किसी के दर क्यू जाऊँ,
तेरा द्वार ही मेरा सब कुछ,
ओ मेरे सतगरू प्यारे.....

इतनी किरपा की तूने,
ये मुख से कहा ना जाये,
जब जब मै याद करू तो,
मेरा हृदय भर भर आये,
ये दास कहे अब क्या कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे,

तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे।
मुझे नहीं चाहिए अब कुछ,
ओ मेरे सतगुरू प्यारे...

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/3255/title/teri-kirpa-hi-mera-sab-kuch-hai-oo-mere-satguru-pyare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |